卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 149 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦7 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

UTTARANCHAL DARPAN

# उत्तराखंड में प्रचण्ड बहुमत से फिर बनेगी भाजपा सरकार:शाह

## केन्द्रीय गृह मंत्री ने हरिद्वार में किया 1100 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास







हरिद्वार। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखण्ड में 2027 में तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां यहां पर फिर से भाजपा सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में उमड़े जनसैलाब को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पहुंचते ही अमित शाह ने मंच से हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री ने 1129.91 करोड़ की 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम में 2000 पुलिस आरक्षियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस दौरान अमित शाह ने पाकिस्तानी हिंदुओं को नागरिकता प्रमाण पत्र दिये। कार्यक्रम के दौरान वीडियो क्लिप के माध्यम से प्रदेश में संचालित विकास कार्यों और उपलब्धियों को संक्षेप में प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, पर्यटन विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में गृह मंत्री अमित शाह ने सबसे पहले उपस्थित जनसमूह को प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का संकल्प दिलवाया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देवभूमि और यहां के तीर्थ स्थलों को नमन करते हुए कहा कि आज धामी सरकार के चार साल पूरे होने के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नौ साल भी आज पूरे हो रहे हैं। अभी अभी मोदी जी आये थे ,उत्तराखाण्ड का 25 साल का महोत्सव शुरू (शेष पृष्ठ सात पर)

# भारी जनसैलाब के बीच अमित शाह ने फूंका चुनाव का बिगुल

## चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के जरिए धामी ने दिखाई ताकत,2027 के चुनाव के लिए बनाया माहौल



हरिद्वार (उद संवाददाता)। धर्मनगरी हरिद्वार के वैरागी द्वीप में शनिवार को केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के पहुंचने पर जनसैलाब के बीच ऐतिहासिक स्वागत किया गया। अवसर था जन-जन की सरकार चार साल बेमिसाल कार्यक्रम का। कार्यक्रम में अमित शाह को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। आयोजित जनसभा में ऐतिहासिक जनसैलाब देखने को मिला। कार्यक्रम क्षेत्र में चारों ओर भीड़ का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा था। इस विशाल रैली के माध्यम से उत्तराखंड सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का जश्न मनाने के साथ-साथ आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए राजनीतिक जमीन भी तैयार की गई। कार्यक्रम स्थल पर उमड़ी भारी भीड़ को देखकर राजनीतिक गलियारों में इसे आगामी चुनावों का बिगुल माना जा रहा है। बैरागी द्वीप में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर और प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान स्वरूप पारंपरिक टोपी पहनाकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखंड में हो रहे विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत (शेष पृष्ठ 7 पर)

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने थपथपाई मुख्यमंत्री की पीठ



हरिद्वार(उद संवाददाता)। वैरागी द्वीप में आयोजित विशाल जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली और राज्य सरकार की उपलब्धियों की जमकर सराहना की। अमित शाह ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री की पीठ थपथपाते हुए कहा कि धामी सरकार के पिछले चार साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के युवा नेतृत्व में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। अमित शाह ने राज्य में हुए विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे में सुधार और जनकल्याणकारी योजनाओं (शेष पृष्ठ सात पर)

# कस्टमर केयर का नंबर गूगल से सर्च करना पड़ा भारी

## शातिर ठग ने फोन हैक कर खाते से उड़ाये दो लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गूगल पर सर्च किए गए फर्जी कस्टमर केयर नंबर के झांसे में आकर एक व्यक्ति को दो लाख रुपये की बड़ी चपत लग गई। शातिर ठग ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर मोबाइल हैक किया और आठ बार में पूरी रकम उड़ा दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिंह कॉलोनी गली नंबर 04 निवासी कलमिन्द्र सिंह पुत्र स्व अजीत सिंह ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊं परिक्षेत्र को दी तहरीर में बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक की जनता इंटर कॉलेज शाखा में खाता है। वे अपने मोबाइल पर पीएनबी वन ऐप का उपयोग करते हैं। 27 और 28 फरवरी 2026 को जब उनका ऐप नहीं खुला, तो उन्होंने सहायता के लिए 1 मार्च को गूगल पर पीएनबी कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया।वहां मिले मोबाइल नंबर 7003820306 पर जब उन्होंने कॉल किया, तो दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। ठग ने समस्या समाधान के नाम पर कलमिन्द्र सिंह के व्हाट्सएप पर एक पीएनबी वन एपीके फाइल भेजी और उसे डाउनलोड कर बैंक डिटेल भरने को कहा। जैसे ही पीड़ित ने उस फाइल को डाउनलोड कर अपनी गोपनीय जानकारी भरी, उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसके तुरंत बाद उनके खाते से 25 हजार रुपये के आठ ट्रांजैक्शन हुए और कुल 2,00,000 रुपये ऑनलाइन निकाल लिए गए। धोखाधड़ी का अहसास होने पर (शेष पृष्ठ सात पर)

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया भंडाफोड़

## रामपुर के दो शातिर चोर गिरफ्तार और चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध अपनाए गए सख्त रुख के अनुपालन में कोतवाली रूद्रपुर पुलिस ने वाहन चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद करने में सफलता हासिल की है। यह पूरी कार्रवाई जनता की सतर्कता और पुलिस की त्वरित तत्परता का परिणाम रही, जिससे अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय चोरों के नेटवर्क को करारा झटका लगा है।घटनाक्रम के अनुसार 5 मार्च 2026 को स्थानीय जनता ने एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा और उन्हें कोतवाली रूद्रपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बिना समय गंवाए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनसे गहन पूछताछ शुरू की। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने विभिन्न स्थानों से कई मोटर(शेष पृष्ठ सात पर)

# गर्मियों से पहले ही 'जनता के पसीने छुड़वाएगा' बिजली बिल

## विद्युत खरीद के मासिक समायोजन के नाम पर यूपीसीएल ने बढ़ाए बिजली के दाम, वार्षिक समायोजन अभी बाकी




-अर्श-

देहरादून।उत्तराखंड की जीडीपी पिछले चार वर्षों में डेढ़ गुनी होने एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने की खुमारी खत्म होने से पहले ही राज्य के बिजली महकमे ने आम लोगों को महंगी बिजली का झटका दे दिया है। खास बात तो यह है कि बिजली की दरों में 34 पैसे से लेकर 1.44 रुपए की यह वृद्धि विद्युत खरीद के मासिक समायोजन (एफपीपीसीए) के नाम पर की गई है, जबकि वार्षिक संयोजन समायोजन किया जाना अभी प्रस्तावित है। जाहिर है कि अगर वार्षिक समायोजन के नाम पर भी बिजली महकमे द्वारा बिजली की दलों में वृद्धि कर दी गई ,तो बिजली का बिल गर्मी आने से पहले ही उपभोक्ताओं के पसीने छुड़ाने लगेगा। उल्लेखनीय है कि बिजली खरीद लागत समायोजन (एफपी पीसीए) के तहत बिजली की दरों में 34 पैसे से लेकर 1.44 रुपये प्रति यूनिट तक कि यह बढ़ोतरी मुख्य अभियंता (वाणिज्य) एन।एस। बिष्ट द्वारा जारी आदेश के साथ ही तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यूपीसीएल के इस फैसले से राज्य के घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक समेत लाखों उपभोक्ता तो प्रभावित होंगे ही, साथ ही साथ उद्योग और कारोबार पर इसका अच्छा खासा असर पड़ेगा, क्योंकि नई दरों के अनुसार व्यावसायिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बिजली 1.34 रुपये प्रति यूनिट महंगी हो जाएगी। जबकि औद्योगिक इकाइयों के लिए बिजली की बढ़ी हुई दर 1.24 रुपये प्रति यूनिट होगी ,वहीं अस्थायी कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं के लिए बिजली की बड़ी हुई दर 1.44 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। बिजली की कीमत में बढ़ोतरी से गरीब परिवारों को भी राहत नहीं मिली है। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए भी बिजली 34 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। बिजली दरों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर उद्योग जगत ने अब अपना विरोध जताना आरंभ कर दिया है। स्टील निर्माता संघ के उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल का कहना है कि हर महीने बिजली दरें बढ़ाना उद्योगों को हतोत्साहित करने वाला कदम है। उनका तर्क है कि जब सालाना दरों में वृद्धि पहले ही की जाती है, तो हर महीने अतिरिक्त बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। उनके अनुसार बढ़ते बिजली बिलों से उत्पादन लागत बढ़ रही है, जिससे बाजार में प्रतिस्पर्धा करना बेहद कठिन होता जा रहा है।उधर ऊर्जा निगम के अधिकारियों का कहना है कि बिजली खरीद (शेष पृष्ठ सात पर)

# सांसद अजय भट्ट ने की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा

**बैठक से गायब ईओ शक्तिगढ़ का वेतन रोकने के निर्देश, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी, पेयजल लाइनो व ओवर हेड टैंकों की मरम्मत के साथ ही सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु टैंकरों की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें**



रूद्रपुर । सांसद अजय भट्ट ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के दौरान केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की गहनता से समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा की बैठक की मॉनिट्रिंग प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वयं की जाती है इसलिए केन्द्र सरकार की योजना कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होने कहा कि सभी अधिकारी योजना कार्यो की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दे तथा योजना कार्यो का शुभारम्भ एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराये। उन्होने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें ताकि जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। उन्होने अधिशासी अधिकारी शक्तिगढ़ के बैठक में अनुपस्थित होने पर मुख्य विकास अधिकारी को स्पष्टीकरण लेने व वेतन रोकने के निर्देश दिये साथ ही उन्होने काशीपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को कार्यो की समीक्षा करने के साथ ही विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो की पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। सांसद भट्ट ने कहा कि गर्मी का सीजन प्रारम्भ हो गया है, इसलिए पेयजल व विद्युत महकमा जनता को शुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पेयजल लाइनो व ओवर हेड टैंकों की मरम्मत के साथ ही सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु टैंकरों की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। विद्युत विभाग नलकूपों में लगे ट्रांसफार्मर व विद्युत लाइनों का सुदृढ़ कर ले। सांसद भट्ट ने जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो योजना कार्यों में खोदी सड़के व पेयजल लाइन लीकेज को प्राथमिकता से ठीक कराना सुनिश्चित करें साथ ही उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से लीकेज व खोदी सड़कें ठीक कराने का निरीक्षण कराकर रिपोर्ट मंगाने के निर्देश दिये। उन्होने आनंदखेड़ा पेयजल योजना, बेतखेड़ी पेयजल योजना, बुक्सौरा पेयजल योजना कार्यो की समीक्षा की तथा जिन ठेकेदारो द्वारा पेयजल योजना कार्यो में कोताही बरती जा रही उनके खिलाफ कार्यवाही करने व वसूली करने के निर्देश भी दिये। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बुक्सौरा पेयजल लाइन व ओवर हेड टैंक की लीकेज ठीक करा दी गयी है। सांसद ने जनपद के सभी नगर निकायों की पेयजल योजना की डीपीआर बनाने के निर्देश पेयजल निगम को दिये। अधीक्षण अभियंता पेयजल ने बताया कि नगर पंचायत कौशल्यापुरी पेयजल योजना की डीपीआर अमृत योजना के अन्तर्गत बनाकर भेजी गयी है, जबकि पांच अन्य निकाय भी योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है, जिनकी विस्तृत डीपीआर तैयार की जा रही है। उन्होने बताया अमृत योजना-2.0 के अन्तर्गत 30 करोड़ की नानकमत्ता पेयजल योजना स्वीकृत है, जिसमे 45 प्रतिशत कार्य कर लिया गया है। इसी तरह अमृत योजना-2.0 के अन्तर्गत 10 करोड़ की शक्तिगढ़ पेयजल योजना स्वीकृत हुई थी, जिसका कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिसपर सांसद ने सभी पेयजल संयोजन में मीटर लगाने के निर्देश देते हुए लोकार्पण कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने ग्राम छिनकी में नलकूप बोरिगं दुबारा कराने के निर्देश भी दिये। विधायक शिव अरोरा ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के सभी वार्डो में पेयजल समस्या को बताते हुए लाइनो की मरम्मत कराने को कहा। जिसपर अधिशासी अभियंता ने बताया कि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में पेयजल लाइन का मरम्मत कार्य किया जा रहा है जो शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। सांसद भट्ट ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) चिकित्सालय की समीक्षा करते हुए विस्तृत जानकारी मांगी, जिस पर चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी ने बताया कि चिकित्सालय 2 लाख 16 हजार ईएसआईसी कार्ड धारकों के लगभग 8 लाख लोगों को चिकित्सा सुविधाऐं प्रदान करता है। चिकित्सालय में 21 विषेशज्ञ चिकित्सक पदों के सापेक्ष मात्र 3 विषेशज्ञ चिकित्सक तैनात है, इसी तरह 75 नर्सिंग स्टॉफ तैनात है। सांसद ने चिकित्सालय में उपलब्ध चिकित्सा के उपकराणों एवं मरीजों के उपचार व सुविधाओं की भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होने चिकित्सालय हेतु चिकित्सकों, अन्य स्टॉफ व उपकरणों की आवश्यकता है उसका प्रस्ताव बना कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि भारत सरकार स्तर पर वार्ता कर मांग की जा सके। सांसद भट्ट ने रूद्रपुर बाईपास का निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता व समयबद्धता पर ध्यान देते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश पीडी एनएचएआई को दिये। पीडी एनएचएआइ ने बताया कि 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होने बताया कि 20 मार्च के बाद ट्रायल की लिए खोल दिया जायेगा। सांसद ने कहा अप्रैल प्रथम सप्ताह में स्वयं रूद्रपुर बाईपास का निरीक्षण भी करूंगा। सांसद ने रेलवे अधिकारियों को छत्तरपुर अण्डरपास निर्माण कार्य में गति लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। सांसद ने लेवड़ा नदी से बाजपुर में जल भराव बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूल निर्माण करने व लेवड़ा नदी के उपरी क्षेत्र में दो पुलियाओं की सफाई कराने के निर्देश अधिशासी अभियंता सिंचाई को दिये। श्री भट्ट ने उधमसिंह नगर में केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत फोरेन्सिक विश्वविद्यालय भवन की जानकारी लेने पर जिलाधिकारी ने बताया कि फोरेन्सिक विश्वविद्यालय भवन निर्माण किच्छा में 38 एकड़ भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भेज दिया गया है। समीक्षा दौरान उन्होंने निराश्रित गोवंशीय पशुओं के आश्रय हेतु गौशालाओं की समीक्षा की जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 6 गौशाला स्वीकृत हो गयी है व डीपीआर शासन को प्रेषित की गयी है तथा खटीमा हल्दी गांव में व रूद्रपुर में गौशाला का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है जो शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि रूद्रपुर, काशीपुर, खटीमा, सितारगंज शहर के ड्रेनेज प्लान डीपीआर भी शासन को भेजे गये है। सांसद ने संजय वन में सौन्दर्यकरण, मनरेगा, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रा.कृषि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि, रूद्रपुर सर्किट हाउस, मेडिकल कालेज, किच्छा एम्स, जिला चिकित्सालय, किच्छा बस अड्डा, अमृत योजना, अमृत सरोवर, एकीकृत बाल विकास कार्यक्रम, बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, रा. क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, पीएम पोषण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, सांसद निधि, पीएमजीएसवाई, पीएम उज्जवला योजना-3.0, किसान सम्मान निधि, जनमन योजना, आकांक्षी जनपद व ब्लांक, पंतनगर एयरपोर्ट आदि की भी समीक्षा की। उन्होने कहा सभी क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सरकार की प्राथमिकता है इसलिए हम सभी मिलकर जनपद, प्रदेश व देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सभी अधिकारियों को बैठक में मा. सांसद जी द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होने कहा गर्मी का सीजन आ गया है, इसलिए सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु पेयजल व विद्युत विभाग अभी से कमर कस लें। बैठक में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, दीपक बाली, दर्जामंत्री मुकेश कुमार, मंजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रभा, चेयरमैन नगर पालिका गदरपुर मनोज गुम्बर, दिशा के सदस्य सतीश चुघ, मनोज कुमार, राजेश कुमार, रेखा यादव, गुंजन सुखीजा, राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी, प्रकाश आर्या, परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, चिकित्सा अधीक्षक ईएसआईसी डॉ0 प्रवीण वर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधीक्षण अभियंता लोनिवि अनिल पांगती, सिंचाई पीके दीक्षित, पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल, डीडीएमओ उमाशंकर नेगी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिना अनुमति के ग्रीष्मकालीन धान लगाने पर प्रशासन सख्त

गदरपुर। तहसील गदरपुर में ग्रीष्मकालीन धान की खेती के लिए किसानों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों की जांच प्रक्रिया जारी है। उपजिलाधिकारी गदरपुर द्वारा कुछ आवेदनों का यादृच्छिक चयन कर स्वयं राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। प्रशासन के अनुसार गदरपुर तहसील में अब तक ग्रीष्मकालीन धान की अनुमति के लिए कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से जांच के बाद 47 आवेदनों पर आख्या प्राप्त हो चुकी है। जांच के दौरान जिन किसानों की भूमि



दलदली पाई गई, उनमें से 5 कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान लगाने की अनुमति प्रदान की गई है। जबकि शेष 36 प्रार्थना पत्रों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है।प्रशासन द्वारा बताया गया कि हाल ही में बिना अनुमति के ग्रीष्मकालीन धान की पौध लगाने की शिकायत मिलने पर मदनपुर, लखीपुर और खटोला गांवों में कार्रवाई की गई है।उपजिलाधिकारी गदरपुर ने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि जल स्तर को सुरक्षित रखने के लिए ग्रीष्म ऋतु में धान की खेती न करें और धान की खेती केवल खरीफ सीजन में ही करें। साथ ही किसानों को गर्मियों में वैकल्पिक फसलें उगाने के लिए भी प्रेरित किया गया है, ताकि जल संरक्षण के साथ कृषि उत्पादन भी बेहतर हो सके।

## घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट, जेवर लूटे

रूद्रपुर। निकटवर्ती ग्राम शिमला पिस्तौर में होली के दिन कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिलाओं से न सिर्फ मारपीट की वरन कपड़े फाड़कर उनके जेवर भी लूट लिए मामले की तहरीर पुलिस को दे दी ई है। ग्राम निवासी सुमन शर्मा पत्नी अशोक ने तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा है कि 4 मार्च कोदोपहर उसके परिजन घर में होली पर्व मना रहे थे। तभी ग्राम का ही एक युवक जबरन घर आकर अभद्रता करने लगा। जिसका विरोध करने पर वह चला गया। परंतु कुछ ही देर में वह अपने कई साथियों को लेकर आ गया। आरोप है उक्त लोगों ने घर में घुसकर परिजनों पर लाठी डंडों व लोहे की राड से हमला कर दिया। आरोप है इस दौरान हमलावरों ने महिलाओं के जेवर लूटे और कपड़े भी फाड़ दिये। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से चले गये। इस घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आ गई जिनका चिकित्सालय में उपचार कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## परिवार रजिस्टर की जांच प्रक्रिया शुरू

गदरपुर। जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में वर्ष 2003 के पश्चात परिवार रजिस्टर में सम्मिलित किए गए परिवारों की जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में गदरपुर में उपजिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार गदरपुर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित परिवार रजिस्टर की जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान उपलब्ध सूचनाओं एवं कुछ परिवार रजिस्टरों का अवलोकन भी किया गया, जिसमें कुछ परिवार रजिस्टर



प्रमाण पत्रों को जांच के लिए चयनित किया गया।उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चयनित परिवार रजिस्टर प्रमाण पत्रों से संबंधित व्यक्तियों को आगामी तीन दिनों के भीतर नोटिस जारी किए जाएं। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी तैयार की गई। प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का उद्देश्य परिवार रजिस्टर में वर्ष 2003 के बाद किए गए प्रविष्टियों की सत्यता की जांच करना और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

## वाहनों से सड़कों पर उठती धूल के खिलाफ खनन कर्मियों को घेरा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा खनन गेट से हर दिन गौला नदी से खनन सामग्री लेकर सैकड़ों डंपर घनी आबादी से गुजरते हैं। लेकिन रोड़ पर विभाग द्वारा पानी के छिड़काव न करने से इलाके वासियों को भारी धूल का सामना करना पड़ रहा है। जिससे गुस्साए लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि हेमन्त साहू के नेतृत्व में खनन गेट के कर्मचारियों का



घेराव कर कड़ी नाराजगी जाहिर की और पानी के छिड़काव न होने पर खनन गेट बंद करने की चेतावनी दी। साहू ने मौके पर डीएलएम से फोन वार्ता कर कड़ा आक्रोश भी जताया। उनका कहना है पानी का छिड़काव न होने के कारण स्थानीय जनता धूल की वजह से बीमार हो रही है। वन निगम की कार्यप्रणाली शर्मनाक है।डीएलएम ने जल्द व्यवस्था करने की बात कही तब जाकर लोग शांत हुए। इस मौके पर हरिमोहन रंधावा, बब्बू दिवाकर, विपिन चौहान, विजय कुमार, सोनू कुमार समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता का किया घेराव

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप और शिव नगर क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था और जानलेवा बनी हाईटेंशन लाइनों के खिलाफ स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में लघु उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भदईपुरा स्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अधिशासी अभियंता राजीव चक्रवर्ती, सहायक अभियंता अनु अरोड़ा, अवर अभियंता कुलदीप सिंह राठीका घेराव कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के त्वरित निस्तारण की चेतावनी दी।घेराव के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अधिकारियों को क्षेत्र की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या 8, चामुंडा देवी मंदिर वाली गली में मकानों के ठीक ऊपर से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। यह लाइन क्षेत्रवासियों के लिए लटकती



तलवार बनी हुई है, जिससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। ठुकराल ने जनहित का हवाला देते हुए इस लाइन को तत्काल आबादी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने की पुरजोर मांग की।ठुकराल ने विभाग को याद दिलाया कि इसी 11 केवी लाइन की चपेट में आने से होली के दिन कमल कोली नामक युवक बुरी तरह झुलस गया था। उन्होंने विभाग की लापरवाही पर रोष व्यक्त करते हुए घायल युवक को तत्काल उचित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही, ट्रांजिट कैंप की आंतरिक बस्तियों में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए नए खंभे लगाने और बंद पड़े कनेक्शनों को बिना विलंब बहाल करने पर जोर दिया।अधिशासी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और तकनीकी व्यवहार्यता की जांच कर आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया। घेराव करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, कमलदीप सोनकर, सुमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिवांग पाठक, संजीव गुप्ता, पप्पू कोली, कुंवरपाल कोली, हिम्मत राम कोली, कमल कोली, सोनू ,दिवाकर, सुनील, संजय, देव, विशाल, सौरभ बेड हरेराम, सीमा अरोड़ा, वीरेंद्र कोली, आदि मौजूद थे।

# विधायक शिव अरोरा ने दिशा की बैठक में उठाई कई समस्याएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कलेक्ट्रेट स्थित अब्दुल कलाम सभागार में सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक शिव अरोरा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइपलाइन लीकेज और टूटी सड़कों की मरम्मत न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने और टूटी पाइपलाइन को 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से ठीक करने को कहा।बैठक में विधायक शिव अरोरा ने भूरारानी मटकोटा मार्ग से ओमैक्स रोड को जोड़ने वाले अंडरपास निर्माण की धीमी गति पर सख्त नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में देरी के कारण करीब 30 गांवों के हजारों लोग भारी परेशानी झेल रहे हैं। उन्होंने कार्य की गति बढ़ाकर जून माह में बरसात शुरू होने से पूर्व इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि जनता को राहत मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा उठाते हुए विधायक ने रुद्रपुर स्थित ईएसआई अस्पताल में स्थाई डॉक्टरों की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि संविदा चिकित्सकों के भरोसे चल रही व्यवस्था के कारण दो लाख से अधिक श्रमिक उचित उपचार से वंचित हैं। उन्होंने इस गंभीर विषय पर केंद्र सरकार से स्थाई डॉक्टरों की मांग करने की आवश्यकता पर जोर दिया।शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे पर चर्चा करते हुए विधायक शिव अरोरा ने त्रिशूल चौक से डीडी चौक तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य की सुस्त रफ्तार पर नाराजगी जताई और इसे भी जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण हेतु अतिक्रमण हटाओ अभियान तत्काल शुरू करने और विद्युत विभाग व जल संस्थान को पानी की लाइनें शिफ्ट करने का कार्य जल्द शुरू करने को कहा ताकि सड़क निर्माण कार्य को गति मिल सके। बैठक मेंविधायक नेस्पष्ट किया कि जनहित के कार्योंमेंकिसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# रूद्रपुर में ड्रेनेज सिस्टम के लिए जल्द जारी होगी 111 करोड़ की पहली किश्त

## 460 करोड़ की ड्रेनेज योजना को मिली हरी झंडी

रूद्रपुर। शहरवासियों को एक ओर बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वर्षों से मानसून के दौरान जलभराव की मार झेल रहे रूद्रपुर को इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए महापौर विकास शर्मा के दूरदर्शी प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। शासन ने शहर के ड्रेनेज सिस्टम के कायाकल्प के लिए तैयार की गई 460 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस योजना के धरातल पर उतरने की शुरुआत के रूप में 111 करोड़ रुपये की पहली किश्त जल्द ही जारी होने जा रही है।शासन के सचिव युगल किशोर पंत से दूरभाष पर हुई विस्तृत वार्ता के बाद इस बड़ी उपलब्धि की पृष्ठभूमि साझा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि कार्यभार संभालने से पहले ड्रेनेज सिस्टम के लिए 300 करोड़ का एक पुराना प्रोजेक्ट फाइलों में दबा हुआ था। शहर की पीड़ा को समझते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से व्यक्तिगत स्तर पर कई मुलाकातें कीं और समस्या की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने शहर का व्यापक सर्वे किया और स्थानीय पार्षदों के सुझावों को शामिल करते हुए एक व्यावहारिक और प्रभावी नया प्रस्ताव तैयार किया गया। गहन मंथन के बाद तैयार इस 460 करोड़ के मास्टर प्लान में पूरे शहर को चार अलग-अलग जोनों में बांटा गया है। योजना के प्रथम चरण के तहत जोन-1 (वार्ड संख्या 1 फुलसूंगा और वार्ड संख्या 16 बगवाड़ा क्षेत्र) के लिए 111 करोड़ रुपये की राशि जल्द जारी होने जा रही है। जिससे निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। पहले चरण की प्रगति के आधार पर आगामी चरणों के लिए शेष बजट जारी किया जाएगा। महापौर ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना रूद्रपुर के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर का समग्र विकास और बुनियादी जन-समस्याओं का स्थाई निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकास का यह रथ बिना रुके इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा, जिससे आने वाले समय में रूद्रपुर एक आधुनिक और जलभराव मुक्त शहर के रूप में अपनी नई पहचान बनाएगा।



# महापौर ने उठाई रिंग रोड विस्तार की मांग

रूद्रपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विकास और जनसमस्याओं के मुद्दे छाये रहे। क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में महापौर ने रुद्रपुर की 'लाइफलाइन' से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। सांसद भट्ट ने महापौर के सुझावों पर मुहर लगाते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान महापौर ने शहर को भारी वाहनों के दबाव और आए दिन होने वाले सड़क हादसों से निजात दिलाने के लिए महत्वपूर्ण विषय रखते हुए नवनिर्मित रिंग रोड को राधा स्वामी सत्संग घर से आगे बढ़ाते हुए सीधे सिडकुल से जोड़ने की वकालत की। महापौर का तर्क था कि वर्तमान में अधूरा रिंग रोड अपने वास्तविक उद्देश्यों को पूरा करने में विफल साबित हो रहा है। यदि इसे सिडकुल की औद्योगिक इकाइयों से जोड़ दिया जाता है, तो शहर के भीतर ट्रकों और भारी वाहनों का प्रवेश कम होगा, जिससे जाम की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा और भारी वाहनों से होने वाले सड़क हादसों पर भी विराम लगेगा। इस प्रस्ताव पर सांसद अजय भट्ट और जिलाधिकारी नितिन भदौरिया ने भी सहमति जताई और केंद्र सरकार को इसका विस्तृत प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया।महापौर ने समाज कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत बीएचईएल के समीप बनी दुकानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से ये दुकानें बनकर तैयार हैं, लेकिन पात्रों को आवंटन न होने के कारण सरकारी संपत्ति का लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल पा रहा है। सांसद ने इस मामले में विभागीय अधिकारियों को अविलंब कार्यवाही करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही, बरसात के मौसम में शहर में होने वाले जलभराव और जर्जर ड्रेनेज सिस्टम पर भी गंभीर चर्चा हुई। महापौर ने अवगत कराया कि बड़े स्तर पर ड्रेनेज सिस्टम का प्रस्ताव तैयार है, जिसे केंद्रीय स्तर पर मंजूरी की दरकार है। उन्होंने सांसद से इस योजना की पैरवी करने का आग्रह किया ताकि शहरवासियों को हर साल होने वाले आर्थिक नुकसान और जलभराव की समस्या से स्थाई मुक्ति मिल सके। इसके अलावा महापौर ने पेयजल समस्या का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पेयजल के लिए चलाई गयी महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अभी तक सभी को नहीं मिल पा रहा है, सांसद अजय भट्ट ने महापौर द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को जनहित में आवश्यक बताते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिले के आला अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मोबाइल से पढ़ाई कर शाश्वती तिवारी ने हासिल की 46वीं रैंक

किच्छा। नगर के बसंत गार्डन निवासी सुशील तिवारी की बेटी शाश्वती तिवारी ने यूपीएससी परीक्षा में 46वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होने के बाद उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। शाश्वती तिवारी के पिता सुशील तिवारी श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज में प्रवक्ता हैं, जबकि उनकी माता निवेदिता अवस्थी नानकमत्ता स्थित डिग्री कॉलेज में लेक्चरर हैं। शाश्वती ने तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए मोबाइल और ऑनलाइन



माध्यम से पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की। शाश्वती ने वर्ष 2024 में भी यूपीएससी की परीक्षा दी थी, जिसमें उन्हें 445वीं रैंक मिली थी और रेलवे ट्रैफिक सेवा में चयन का अवसर मिला था। हालांकि वह इससे संतुष्ट नहीं थीं और बेहतर रैंक पाने के लक्ष्य के साथ दोबारा परीक्षा देने का निर्णय लिया। लगातार मेहनत और तैयारी के बाद इस बार उन्होंने 46वीं रैंक हासिल की। शाश्वती ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान वह रोजाना छह से सात घंटे पढ़ाई करती थीं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, नाना और परिवार के सहयोग को दिया, जिन्होंने हर समय उनका हौसला बढ़ाया। परिणाम आने के बाद क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने फोन पर शाश्वती और उनके परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शाश्वती की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। शाश्वती की सफलता से नगर और क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा लोग उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं।

# चंपावत के अनुज पंत ने यूपीएससी में 69वीं रैंक प्राप्त कर किया नाम रोशन

देहरादून (उद संवाददाता)। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चंपावत जनपद के बाराकोट विकासखंड के झूलापे गांव निवासी अनुज पंत ने 69वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुज पंत से फोन पर बात कर उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अनुज पंत का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल चंपावत जनपद बल्कि पूरे उत्तराखंड का मान बढ़ा है।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि अनुज पंत अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम व समर्पण से प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करते हुए देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ताकि प्रदेश की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता का लोहा मनवा सकें। अनुज पंत ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के इस प्रोत्साहन से उन्हें भविष्य में देश सेवा के लिए और अधिक ऊर्जा व प्रेरणा मिलेगी।

# खटीमा के देवेश आर्य ने यूपीएससी की परीक्षा में हासिल की 656वीं रैंक

खटीमा। खटीमा के अमृत विहार निवासी देवेश आर्य ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 656वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उनकी दूसरी कोशिश थी, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त की।देवेश आर्य ने वर्ष 2018 में सर्राफ पब्लिक स्कूल खटीमा से हाईस्कूल की परीक्षा 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। इसके बाद इंटरमीडिएट में 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। आगे की



पढ़ाई के लिए उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज से बीएससी (ऑनर्स) बॉटनी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।देवेश के परिवार में भी शिक्षा का माहौल रहा है। उनकी माता पिंकी आर्या राजकीय अटल आदर्श इंटर कॉलेज, बराकोट (लोहाघाट) में अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता हैं, जबकि उनके पिता महेश चंद्र आर्य वन निगम में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर मुख्यालय देहरादून में तैनात हैं।देवेश की इस उपलब्धि से खटीमा और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 45वीं रैंक हासिल कर प्रिया सिंह चौहान ने बढ़ाया काशीपुर का मान

काशीपुर। कड़ी मेहनत, लगन और लगातार प्रयास से आखिरकार सफलता मिल ही जाती है। इसका ताजा उदाहरण काशीपुर की प्रिया सिंह चौहान हैं, जिन्होंने कई बार असफलता मिलने के बावजूद हार नहीं मानी और अंतिम प्रयास में 45वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं की रहने वाली प्रिया सिंह चौहान वर्तमान में काशीपुर में रहती हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा बदायूं और दिल्ली में हुई। प्रिया ने वर्ष 2020 में पहली बार यूपीएससी की परीक्षा दी थी, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार प्रयास करती रहीं। आखिरकार अपने अंतिम प्रयास में उन्होंने शानदार सफलता हासिल करते हुए 45वीं रैंक प्राप्त की। प्रिया के पिता आरपीएस चौहान काशीपुर में डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करते हैं। उनका परिवार काशीपुर के अलीगंज रोड स्थित साउथ सिटी कॉलोनी में निवास करता है। प्रिया के बड़े भाई डॉ. शांतनु सिंह चौहान रेडियो डायग्नोसिस विशेषज्ञ हैं, जबकि भाभी डॉ. सोनाली सिंह नेत्र सर्जन हैं। प्रिया सिंह चौहान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने बताया कि माता-पिता, भाई और भाभी ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और कठिन समय में भी उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। असफलताओं के दौर में परिवार का साथ ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। वर्तमान में प्रिया सिंह चौहान गृह मंत्रालय में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।



# विधायक सुमित ने अरुणोदय संस्था को दिए पांच लाख रुपए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवाबी रोड पर स्थित केअरुणोदय संस्था एवं अरुणोदय न्यास के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विधायक सुमित हृदयेश को उनके आवास पर जाकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके द्वारा अरुणोदय संस्था के विकास के लिए विधायक निधि से दी गई पांच लाख रुपए की धनराशि के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में राजकुमार केसरवानी, जीवन सिंह रावत, लतेश मोहन, नेत्र बल्लभ जोशी आदि शामिल थे।



# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

रूद्रपुर । जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शनिवार को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा दृष्टि से लगाए गए सीसी टीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रो को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिये कि वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखी जाये तथा सीसी टीवी कैमरे के स्टोरेज बैकअप पर भी नजर रखे साथ ही वेयर हाउस की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी, जिला मंत्री भाजपा गजेन्द्र प्रजापति, कांग्रेस से मनोज कुमार सिंह, आप से किरन पाण्डे विश्वास आदि मौजूद थे।


उत्तराखण्ड शासन
उत्तराखंड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
जन-जन की सरकार
4 साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के उत्तराखण्ड आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश "विकसित भारत @2047" के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सहयोग से सीमांत विकास, अवसंरचना, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं, जिससे उत्तराखण्ड सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहा है।
-पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
देवभूमि
उत्तराखण्ड
आगमन पर
श्री अमित शाह
मा. गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
मुख्य कार्यक्रम
शनिवार, दिनांकः 07 मार्च 2026 । समयः पूर्वाह्न 11:00 बजे । स्थानः वैरागी कैम्प, हरिद्वार, उत्तराखण्ड
इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं।



# विकास भी विरासत भी

# ₹ 1100 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

## ऐतिहासिक निर्णयों से विकास को नई गति

- समान नागरिक संहिता - 2025
- सख्त नकल विरोधी कानून उत्तराखण्ड सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम- 2023
- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन
- दंगा रोधी कानून "उत्तराखण्ड लोक सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम- 2024
- सख्त भू-कानून 2025
- जबरन धर्मान्तरण की रोकथाम को राज्य सरकार द्वारा कठोर कानून
- उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक, 2025
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण

## उत्कृष्ट प्रदर्शन, सशक्त पहचान

- एस0डी0जी0 में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान
- भारत सरकार द्वारा जारी सार्वजनिक वित्तीय प्रदर्शन सूचकांक 2023-2024 में विशेष श्रेणी में दूसरा स्थान
- ईज आफ डूइंग बिजनेस में 'एचीवर्स श्रेणी'
- स्टार्ट-अप रैंकिंग 2022 में 'लीडर'
- Logistics Ease Across Different States में 'एचीवर्स श्रेणी'
- "India Innovation Index Report" के अनुसार राज्य को उत्तरपूर्वी तथा हिमालयी राज्य में दूसरी रैंक प्राप्त
- Distribution Utility Ranking-2025 में विशेष श्रेणी डिस्कॉम में प्रथम स्थान
- गत 04 वर्षों में लगातार उत्तराखण्ड को Most Film Friendly State राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ईरान की बमबारी

इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद अब स्थिति और जटिल होती देखी जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी के समांतर शांति की उम्मीद भी धुंधला रही है। मगर इस हालत में भी दुनिया के ज्यादातर देश यही चाहते हैं कि यह युद्ध रुके और विवाद का हल संवाद के सहारे ही निकाला जाए।विडंबना यह है कि ईरान में परमाणु हथियारों का सवाल अमेरिका के लिए बड़ा है, लेकिन वह इस मसले पर बातचीत के जरिए हल निकालने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। उल्टे इजराइल के साथ मिल कर उसने जिस स्तर का युद्ध छेड़ दिया है, वह परमाणु निरस्त्रीकरण में कैसे मददगार होगा, कहना कठिन है।खासतौर पर इस संदर्भ में ईरान ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उसने भी इजराइल तथा अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, उससे साफ लग रहा है कि शांति स्थापित करने को लेकर दोनों पक्षों के भीतर कोई खास रुचि नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता जाहिर की जा रही है कि कहीं युद्ध का दायरा फैल न जाए!ऐसे में भारत ने जिस तरह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आग्रह किया है, वह वक्त का तकाजा है। हालांकि भारत पारंपरिक रूप से शांति का पक्षधर रहा है और समस्या चाहे कितनी जटिल हो, उसका समाधान संवाद और कूटनीतिक पहल के जरिए ही निकालने का हामी है।इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है; सैन्य टकराव किसी विवाद का समाधान नहीं है। भारत ने इस युद्ध से प्रभावित कई देशों से संपर्क कर शांति की वकालत की और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने भी इस युद्ध की निंदा की और दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की थी। अफसोस की बात है कि सभी तकाजों की अनदेखी कर युद्ध में शामिल देश व्यापक जनसंहार के हथियारों से हमला करते हुए इतना ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझते कि उन्होंने किसी स्कूल पर भी बम गिराया, जहां पढ़ने वाले कई मासूमों की जान चली गई। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? ज्यादातर युद्धों के मामले में यही सच है। फिर उनसे सबक लेकर तमाम असहमतियों या मतभेदों के बावजूद संवाद का सहारा लेकर विवाद का हल क्यों नहीं खोजा जाता? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। मगर इस संबंध में जिनेवा में हुई बातचीत को आगे बढ़ाने और हल निकालने के बजाय युद्ध को ही आखिरी उपाय क्यों मान लिया गया? खासतौर पर तब, जब ईरान का रुख नरम पड़ रहा था और ऐसे संकेत भी सामने आए थे कि कोई समझौता होने की संभावना है।जाहिर है, विवाद का हल निकालने की स्थितियां संवाद के जरिए ही बन रही थी। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि खुद में एक जटिल समस्या है।

# खनन निदेशक को 'इंडियाज ऑनरेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर' सम्मान मिलने पर स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने जताई खुशी

रुद्रपुर।उत्तराखण्ड के खनन निदेशक राजपाल लेघा को खनन क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'इंडियाज ऑनरेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर' सम्मान मिलने पर कुमाऊँ स्टोन क्रशर एसोसिएशन तथा सितारगंज स्टोन क्रशर एसोसिएशन ने खुशी जताई है।एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में खनन व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में श्री लेघा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके नेतृत्व में खनन विभाग ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे प्रदेश की खनन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनी है।उन्होंने बताया कि विभाग में ई-गवर्नेंस और डिजिटलीकरण लागू होने से व्यापार में वृद्धि हुई है और राजस्व में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अवैध खनन पर नियंत्रण, प्रक्रियाओं में सुधार तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग से खनन क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं, जिससे राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ व्यवसायियों को भी लाभ मिल रहा है। इन सुधारों के कारण पहले बंद हो चुके आध`े से अधिक स्टोन क्रशर अब पुनः चालू हो गए हैं।पूर्व में गौला नदी की खनन क्षमता 54 लाख घन मीटर के सापेक्ष केवल 25 से 30 लाख घन मीटर ही खनन हो पाता था, जबकि अब लगभग पूरी क्षमता के अनुसार खनन हो रहा है। इसी प्रकार नंधौर/कैलाश नदी की 20 लाख घन मीटर क्षमता के मुकाबले पहले मात्र 2 से 3 लाख घन मीटर ही खनन होता था, जो अब लगभग लक्ष्य के अनुरूप हो रहा है। पिछले डेढ़ वर्ष में खनन से उत्तराखण्ड सरकार को चार गुना राजस्व प्राप्त हुआ है, जो 300 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि स्टोन क्रशिंग उद्योग उत्तराखण्ड का सबसे बड़ा उद्योग है। इससे रॉयल्टी, फॉरेस्ट ट्रांजिट, जीएसटी, आयकर, आरटीओ आदि के माध्यम से सरकार को हजारों करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। साथ ही इस उद्योग से लगभग 2 से 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिला हुआ है। पहले जहां खनिज बाजार सिमट रहा था, वहीं अब इसमें सुधार हो रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। खनन निदेशक राजपाल लेघा को यह सम्मान मिलने पर एसोसिएशन से जुड़े सभी सदस्यों- एलएससी इंफ्राटेक लिमिटेड, विन्ध्यवासिनी स्टोन क्रशर, पाल स्टोन इंडस्ट्रीज, सुभाष स्टोन क्रशर, जगदम्बा स्टोन क्रशर, विनोद स्टोन क्रशर, सागर स्टोन क्रशर, हिमालय स्टोन इंडस्ट्रीज, हल्द्वानी स्टोन कम्पनी, श्री बालाजी स्टोन कम्पनी, उत्तराखण्ड स्टोन कम्पनी, जयश्री राम स्टोन क्रशर, महालक्ष्मी स्टोन कम्पनी, शुभम स्टोन कम्पनी, कामाख्या स्टोन कम्पनी, सितारगंज स्टोन कम्पनी, राधे सॉल्यूशन, बरेली स्टोन कम्पनी, मॉर्डन ग्रिट्स इंडस्ट्रीज, भगवती स्टोन इंडस्ट्रीज, देवभूमि स्टोन इंडस्ट्रीज सहित अन्य स्टोन क्रशरों ने खुशी व्यक्त की है।सदस्यों ने आशा जताई कि श्री राजपाल लेखा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्तराखण्ड के हित में कार्य करते रहेंगे।




# लोक गायिका रिंकू राणा का गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार



नानकमत्ता। थारू जनजाति समाज की उत्तराखंड की मशहूर लोक गायिका रिंकू राणा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के पश्चात गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें हजारों की तादात में लोगों ने पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है की बृहस्पतिवार को ग्राम नौगजा कल्याणपुर निवासी रिंकू राणा स्कूटी से अपनी भतीजी जिया राणा के साथ घर वापस आ रही थी कि तभी बरुआ बाग गांव के पास ईट की ट्रैक्टर ट्राली ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे लोक गायिका की मौके पर ही मौत हो गई थी। थारू जनजाति की लोक गायिका की मृत्यु की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई थी। जिनका अंतिम संस्कार आज शमशान घाट नानकमत्ता में गमगीन माहौल में किया गया। उनके पुत्र निशांत ने उन्हें मुखांगनी दी। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की तादाद में उनके प्रशंसकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, पूर्व ब्लाक प्रमुख भुवन सिंह राणा, हरिओम राणा, अशोक राणा, जिला पंचायत सदस्य भास्कर सम्मल, रणजीत राणा आदि शामिल थे।

# बेहड़ ने किया बालिका इंटर कॉलेज में भवन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 5.72 करोड़ की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस परियोजना के तहत 5.28 करोड़ की लागत से नवीन कक्षा कक्षों का निर्माण किया जाएगा, जबकि 44 लाख की धनराशि पुराने भवन की मरम्मत पर खर्च की जाएगी। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि बेटियों को बेहतर सुविधाएं देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिक्षा के सशक्त आधार से ही विकसित किच्छा का सपना साकार होगा।निर्माण कार्यों की तकनीकी जानकारी देते हुए विधायक बेहड़ ने बताया कि विद्यालय में तीन मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसमें कुल 12 नए कक्षा कक्ष, एक स्टाफ रूम, एक बड़ा हॉल और प्रत्येक तल पर स्टाफ व





छात्राओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट ब्लॉक बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य किच्छा के शैक्षिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ने कॉलेज के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए बताया कि 1976 में स्थापित इस विद्यालय के विकास के लिए वे सदैव समर्पित रहे हैं। उन्होंने पूर्व में 1999 में केमिस्ट्री लैब, 2002 में फिजिक्स, होम साइंस व बायो लैब और 2010 में जिला योजना के माध्यम से कक्षा कक्षों का निर्माण कराया था। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे क्षेत्र में एक नया राजकीय इंटर कॉलेज खुलवाना चाहते थे, लेकिन तकनीकी कारणों से उसकी मंजूरी नहीं मिल सकी, इसलिए वर्तमान विद्यालय को ही मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है।विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने संबोधन में जोर दिया कि विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार समय की मांग है ताकि छात्राओं को अध्ययन के लिए सुखद वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए वे निरंतर प्रयास कर रहे हैं। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने विधायक का भव्य स्वागत किया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके विजन की सराहना की। विधायक ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र में जनहित के कार्यों की गति भविष्य में भी इसी प्रकार बनी रहेगी।इस अवसर पर विद्यालय प्रिंसिपल अंजू सक्सेना, विद्यालय प्रबंधन समिति की शिखा चौधरी, हरीश, सलमा बेगम, मंडी परिषद के सहायक अभियंता मोसिन अली खान, जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्य, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, मेजर सिंह, इम्तियाज मलिक, नजाकत खान, गुरचरण सिंह, हरभजन सिंह, लियाकत अंसारी, दलीप बिष्ट, ओमप्रकाश दुआ, विनोद पंत, सुनीता कश्यप, रामबाबू, अशोक चुघ, बिशन सिंह कोरंगा, संतोष अधिकारी, संतोष ठाकुर, धर्मेन्द्र सिन्धी, तोशिफ मलिक, अशोक सिडाना, छोटेलाल कोली, गौरव बेहड़, दलजीत कक्कड़ और डिम्पल सिंह सहित भारी संख्या में अभिभावक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पसमांदा समाज ने लिया पुनः धामी सरकार बनाने का संकल्प

सितारगंज। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक डॉ. इंद्रेश कुमार जी के मार्गदर्शन में हिंदुस्तानी पसमांदा मंच द्वारा आयोजित एक हिंद जय हिंद पसमांदा संवाद एवं रोजा इफ्तार सद्भावना कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद शमशाद मीर ने समाज को संबोधित करते हुए राष्ट्रभक्ति और एकजुटता का नया मंत्र दिया।भ्रम का अंत: शमशाद मीर ने कहा कि वोट बैंक के सौदागरों ने संघ के खिलाफ जो गलतफहमियां फैलाई थीं, उन्हें अब पसमांदा समाज पहचान चुका है। उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत जी के उस संदेश को दोहराया कि षहिंदू और संघ कभी इस्लाम का विरोध नहीं करते।पसमांदा समाज की माँगें: सरकार से मांग की गई कि पसमांदा समाज के लिए विशेष मंत्रालय बने, वक्फ बोर्ड और अल्पसंख्यक संस्थानों में उचित हिस्सेदारी मिले, और समाज के बच्चों के लिए छात्रावास व बारात घर बनाए जाएं। मंच ने स्पष्ट किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पसमांदा समाज एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को वोट देगा और पुष्कर सिंह धामी जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगा।पूरा कार्यक्रम भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी ताहिर मलिक ने की और संचालन राष्ट्रीय सहसंयोजक समसुद्दीन अंसारी ने किया। वशिष्ठ अतिथि डॉक्टर नसीम राष्ट्रीय सचिव डॉ ताजुद्दीन अंसारी अहमद प्रदेश योजक तस्लीम अहमद प्रदेश संयोजक मदरसा प्रकोष्ठ खालिद मलिक प्रदेश सहसंयोजक मुकर्रम अली प्रदेश सहसंयोजक जलील अहमद कार्यक्रम संयोजक प्रदेश महामंत्री डॉ. मो. आलिम राही सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



# गदरपुर में निकली भव्य कलश यात्रा

गदरपुर। शिव मंदिर गदरपुर से संत श्री त्याग पुरी जी महाराज, संत श्री ध्यान पुरी जी महाराज एवं संत श्री व्यास पुरी जी महाराज (कुरुक्षेत्र) के सान्निध्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर श्री अद्वैत स्वरूप अनन्त आश्रम गदरपुर वाली कुटिया तक पहुंची।कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते और नाचते हुए भगवान का गुणगान करते नजर आए। पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ यात्रा में भाग लिया।कलश यात्रा के उपरांत संतों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा पाठ किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए लंगर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर अशोक बजाज, सुरेंद्र मिंगलानी, अतुल मिंगलानी, दर्शन ठुकराल, दर्पण ठुकराल, सुशील बजाज, विजय शर्मा, बटी भुड्डी, रमन छाबड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, विक्की अरोरा, वेद प्रकाश, हंसराज ग्रोवर, उदय ग्रोवर, रमाकांत, यशवंत अरोरा, सीमा मिंगलानी, ममता रानी, राखी बजाज, सीमा रानी, सरोज, रिया बजाज, पारुल चावला, नेहा, सतनाम ग्रोवर, रिया गुम्बर, आशा खुराना, संगीता दुआ सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# उत्तराखंड की निधि कर मानवीय पहल के लिए यूएन में सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लंदन में रहने वाली भारतीय मूल की उद्यमी सुश्री निधि कर को स्वास्थ्य, सम्मान, स्वच्छता, जेंडर इक्विटी, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और कम्युनिटी डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए उनके निरंतर मानवीय कार्यों के लिए न्यूयॉर्क स्थित यूनाइटेड नेशंस मुख्यालय में औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया। सुश्री निधि मूल रूप से किच्छा, उत्तराखंड की निवासी हैं और मिस्टर विनोद फुटेला तथा मिसेज शैली फुटेला की बेटी हैं। यह सम्मान यूनाइटेड नेशंस के प्रतिनिधि एम्बेसडर लुइस सुआरेज हर्नांडेज और यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल पीस काउंसिल की चेयरपर्सन डॉ. बरखा वर्शा की उपस्थिति में प्रदान किया गया। सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन में उनके उन निरंतर प्रयासों को सराहा गया जो यूनाइटेड नेशंस सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स विशेष रूप से एसडीजी 3 (अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण), एसडीजी 5 (जेंडर समानता), एसडीजी 6 (स्वच्छ जल और स्वच्छता), एसडीजी 10 (असमानता में कमी), और एसडीजी 17 (लक्ष्यों के लिए साझेदारी) के साथ मेल खाते हैं। निधि कर के लिए यह पल किसी अंतिम उपलब्धि का नहीं, बल्कि उत्तराखंड में पले-बढ़े दया, जिम्मेदारी और सामुदायिक मूल्यों से शुरू हुए एक सफर की निरंतरता का प्रतीक है। निधि कर से जुड़ी सबसे प्रभावशाली मानवीय



पहलों में से एक उनका अपने पति अरुण कर के साथ ओडिशा के नबरंगपुर में 46 आदिवासी लड़कियों के लिए लंबे समय से रुकी हुई सैनिटेशन पहल को सहयोग और वित्तीय समर्थन देना था। इस परियोजना के माध्यम से एक सुरक्षित और छत वाला बाथरूम बनाया गया। जिससे एक रेजिडेंशियल केयर संस्थान में प्राइवेसी, सुरक्षा, स्वच्छता और गरिमा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान हुआ। जहाँ पहले ऐसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध नहीं थीं। इस पहल में जमीनी स्तर पर विस्तृत मूल्यांकन और जिला अधिकारियों तथा सामुदायिक सहयोगियों के साथ समन्वय शामिल था। इसमें डॉ. बिभूति भूषण पटनायक, स्वागतिका त्रिपाठी और सामाजिक कार्यकर्ता कान्हू राज बेंजामिन सिंह साधु की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भौतिक ढाँचे के अलावा, इस पहल ने लड़कियों में आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत किया और इस विश्वास को पुनर्स्थापित किया कि गरिमा की शुरुआत बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता से होती है। उत्तराखंड में अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी निधि कर और उनके पति उधम सिंह नगर में कमजोर समुदायों की मदद करने वाली मानवीय पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। यूनिसेफ पोलियो मिशन निधि कर का मानवीय जुड़ाव यूनिसेफ के पोलियो वैक्सीनेशन मिशन से जुड़े प्रयासों तक भी फैला हुआ है। पोलियो उन्मूलन दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों में से एक है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और जागरूकता आवश्यक है। यह योगदान एसडीजी3 और एसडीजी 17 के अनुरूप है। ग्लोबल साउथ मैरीटाइम हेरिटेज समिट निधि कर ने हाउस ऑफ लॉर्ड्स (यूके संसद) में आयोजित ग्लोबल साउथ मैरीटाइम हेरिटेज समिट के माध्यम से सांस्कृतिक कूटनीति में भी योगदान दिया। इस पहल में पार्थ सारथी पांडा, डॉ. बिभूति भूषण पटनायक, स्वेता मोहंती और टीम एक्सपर्टनेस्ट का सहयोग रहा।

# अमेनिटी स्कूल ने दिल्ली में जीता वसंत वैली मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।अमेनिटी पब्लिक स्कूल की फुटबॉल टीम ने दिल्ली में आयोजित 24वें वसंत वैली मिनी फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार जीत हासिल की है। विद्यालय प्रबन्धक सुभाष अरोरा ने बताया कि टीम ने लीग के तीनों मैच जीतकर टॉप पर रहते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। उन्होंने बताया कि लीग के पहले मैच में टीम ने नोएडा को 5-0 से हराया दूसरे मैच में निर्मल भारती को 5-0 से हराया जबकि तीसरे मैच में शिवनाडर स्कूल को 4-0 से हराया। उन्होंने बताया कि सेमीफाइनल मैच में श्री राम अरवली को 4-1 से हराकर फाइनल में पहुंची।




फाइनल मैच मे विद्यालय की टीम ने टीम वसंत वैली को 6-0 से हराकर भी ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के खिलाडी बीगौरांश बोरा के अद्भुत प्रदर्शन ने सबको चकित कर दिया। जिन्हें पूरे टूर्नामेंट में टॉप स्कोरर का खिताब दिया गया। इसके अलावा, गोलकीपर वेदांश मिश्रा ने भी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कोच विक्रांत रावत और मैनेजर सुरुची नेगी के नेतृत्व में अमेनिटी स्कूल के प्रबंधक सुभाष अरोड़ा और स्कूल की प्रधानाचार्या इंद्रा त्रिपाठी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# पथराव मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूतबंगला इलाके में होली के पावन पर्व पर दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में वार्ड नंबर 20 भूतबंगला निवासी गुलजार पुत्र कामिल मियां, शाहिब पुत्र सददन और अदनान पुत्र बुंदे अली शामिल हैं। पुलिस ने इन तीनों को दंगे, मारपीट और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विदित हो कि शुक्रवार को होली के दौरान भूतबंगला क्षेत्र में रंग डालने और पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ था, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ और लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे इलाके में पीएसी और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। एसएसपी अजय गणपति ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर उपद्रवियों की पहचान के निर्देश दिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय गवाहों के आधार पर हिंसा में शामिल तत्वों की पहचान की, जिसके बाद इन तीन अभियुक्तों को दबोचा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर की शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। फरार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# रुद्रपुर में खुले नाले व सीवर बने कूड़ा डालने का अड्डा, सफाई की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मार्गों किच्छा बाईपास रोड, काशीपुर बाईपास रोड, नैनीताल रोड तथा गदरपुर रोड पर स्थित नाले और सीवर लाइनें लंबे समय से खुली पड़ी हैं तथा इनमें भारी मात्रा में कूड़ा-करकट जमा हो चुका है। इन नालों और सीवरों पर स्लैब न होने के कारण यह कूड़ा डालने का स्थान बन गए हैं और धीरे-धीरे कूड़ेदान में तब्दील होते जा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन नालों और सीवर लाइनों की समुचित सफाई नहीं की गई तो आगामी मानसून के दौरान शहर में गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कूड़े से भरे और अवरुद्ध नालों के कारण बरसात का पानी निकासी नहीं कर पाएगा,



जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।इसके अलावा शहर में कई स्थानों पर खुले पड़े नाले दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को खतरा बना रहता है। नागरिकों का यह भी कहना है कि इन सीवर और नालों का निर्माण पक्का (कंक्रीट) कराकर उन्हें उचित रूप से स्लैब से ढकना आवश्यक है, जिससे शहर की स्वच्छता और सुंदरता भी बनी रहे।रुद्रपुर सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी अजय अरोड़ा ने इस गंभीर समस्या को मुख्यमंत्री पोर्टल पर उठाते हुए मांग की है कि नगर निगम प्रशासन इस मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए जल्द से जल्द नालों और सीवर लाइनों की सफाई कराए तथा उन्हें स्लैब से ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि भविष्य में जलभराव, दुर्घटनाओं और जन असुविधा की समस्या से शहरवासियों को राहत मिल सके।

# ग्राम कंटोपा एक्सीडेंट मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल लेह लद्दाख में तैनात दल संख्या 020201777 एचसी जीडी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामले की जांच की मांग की है। शैलेन्द्र सिंह नेगी ने अवगत कराया कि 13 जनवरी 2026 को रूद्रपुर गदरपुर रोड पर ग्राम कटोपा में उनके पिता का एक्सीडेंट हो गया था। इस दुर्घटना में किसी अज्ञात भारी वाहन ने उन्हें कुचल दिया था जिससे उनके शरीर के आंतरिक अंग बाहर आ गए थे और मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई थी। प्रार्थी का कहना है कि पुलिस द्वारा अभी तक उस भारी वाहन को पकड़ा नहीं जा सका है जिसके संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति भी प्रस्तुत की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने इस सड़क दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिला मजिस्ट्रेट रूद्रपुर को जांच अधिकारी नामित करते हुए घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जांच अधिकारी और उप जिला मजिस्ट्रेट रूद्रपुर मनीष बिष्ट ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की जानकारी रखता हो या अपना कथन दर्ज कराना चाहता है तो वह इस विज्ञप्ति के जारी होने के एक सप्ताह के भीतर साक्ष्य सहित अपना पक्ष उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकता है। इसके अलावा संबंधित व्यक्ति कार्यालय की ई मेल पर भी अपनी जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में प्रचंड बहुमत...**कर गये। आज उत्तराखण्ड की जनता को बताने आया हूं कि एक जमाना था जब उत्तराखण्ड को अलग राज्य बनाने और अपने अधिकारों और यहां की संस्कृति को बचाने के लिए यहां के युवा सड़कों पर थे,तब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सहन न हो सकने वाला दमन उत्तराखण्ड के युवाओं का किया था। अनेक युवाओं को गोली लगी और उन्होंने अपना बलिदान दिया। रामपुर तिराहा की घटना आज भी उत्तराखण्डवासी भूले नहीं हैं। आज सबको बताने आया हूं कि उस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा उत्तराखण्ड की रचना करने का काम किया। कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि छोटे राज्य कैसे टिकेंगे। अटल जी ने तीन छोटे राज्य बनाये थे उत्तराखण्ड,छत्तीसगढ़ और झारखण्ड। आज तीनों राज्य विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। आज हमारी सरकार के नौ साल पूरे हो रहे हैं। मैने पहले ही कहा था कि अटल जी ने राज्य बनाया है,मोदी जी इसे संवारने का काम करेंगे। इन चार सालों में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक-एक समस्या को चुन-चुनकर समाप्त करने का रचनात्मक काम किया है। आज उत्तराखण्ड विकास के रास्ते पर दिन-दूनी-रात-चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा है। आज भी यहां बड़ी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। आज यहां पर नई न्याय संहिताओं की प्रदर्शनी का भी उदघाटन हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि न्याय प्रणाली से जुड़े लोग और माताएं-बहनें इस प्रदर्शनी को जरूर देखें। अंग्रेजों द्वारा बनाये गये कानूनों को मोदी जी के नेतृत्व में समाप्त किया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि 2028 तक कानून में बड़ा बदलाव आ जायेगा। जिसके बाद कोई भी नागरिक पुलिस थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करायेगा तो तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक की सारी न्याय प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। अब समय पर न्याय मिलेगा। ये दुनिया की सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक न्याय संहितायें हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश सरकार की चार साल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में प्रदेश की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को सेवा का अवसर दिया था। आज प्रदेश में असंभव से दिखने वाले कार्य भी संभव हो रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बीते चार वर्षों में राज्य ने कई ऐतिहासिक निर्णयों और उपलब्धियों के साथ विकास की नई इबारत लिखी है। देश में सबसे पहले समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। धर्मांतरण विरोधी और दंगारोधी कानून लागू कर कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सेवा, सुशासन और जनहित को केंद्र में रखकर विकास की निरंतर गति प्रदान की जा रही है। एसडीजी रैंकिंग में पूरे देश में राज्य ने पहला स्थान प्राप्त किया है। ईज डूईंग बिजनेस में राज्य को एचीवर्स की श्रेणी प्राप्त हुयी है। इसके अलावा चार वर्षों में प्रदेश को मोस्ट फिल्म फ्रैंडली स्टेट का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला है। राज्य के इतिहास में पहली बार 12 हजार एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गयी हैं । खेलों को नई पहचान और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान किये जा रहे है। चारधाम यात्रा में हर वर्ष नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। पर्यटन को बड़ा प्रोत्साहन मिला है और नकल विरोधी कानून लागू कर 28000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी है। केन्द्र सरकार के सहयोग से आज उत्तराखण्ड आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक हम उत्तराखण्ड को अग्रणी राज्य नहीं बना देते,तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा,विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूड़ी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, सांसद अनिल बलूनी, सांसद अजय भट्ट, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, सांसद नरेश बंसल, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन सहित तमाम वीआईपी मौजूद रहे।

**अमित शाह की जनसभा...**किया। वहीं, अमित शाह ने जनता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार के चार साल के कार्यकाल को बेमिसाल बताया और डबल इंजन सरकार की ताकत का अहसास कराया। रैली के दौरान धर्मनगरी से कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को साधने की कोशिश की गई, जिससे कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। अमित शाह की इस रैली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। रैली के समापन के बाद केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करने का भी कार्यक्रम है, जिसमें आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा होने की संभावना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने अमित शाह के संबोधन का जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।

**केंद्रीय गृहमंत्री ने ...**के सफल क्रियान्वयन का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि उत्तराखंड आने वाले समय में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार होगा। उन्होंने देवभूमि की जनता को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और राज्य को हरसंभव तकनीकी व वित्तीय मदद देने के लिए सदैव तत्पर रहेगी। गृह मंत्री के इस खुले समर्थन और प्रशंसा से न केवल सरकार का मनोबल बढ़ा है, बल्कि आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं में भी नया जोश भर गया है।

**अंतरराज्यीय वाहन चोर...**साइकिलें चोरी की हैं। चोरों ने खुलासा किया कि चोरी की गई कुछ मोटरसाइकिलें उन्होंने जनपद रामपुर, उत्तर प्रदेश के थाना बिलासपुर क्षेत्र में छिपाकर रखी हैं।अभियुक्तों की निशानदेही पर 6 मार्च 2026 को वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के बिलासपुर क्षेत्र अंतर्गत पैगम्बरपुर में दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन अतिरिक्त चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इस प्रकार पुलिस ने कुल चार मोटरसाइकिलों के साथ वाहन चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान महेंद्र सैनी पुत्र मुंशी लाल निवासी पैगम्बरपुर, थाना बिलासपुर और शाहिल पुत्र छोटे निवासी टांडा हरमतनगर, थाना बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ब्लैक और सिल्वर रंग की स्प्लेंडर प्लस (यूपी 21 सीजे 4109), ब्लैक स्प्लेंडर प्लस (यूके 06 बीसी 9807), स्प्लेंडर (यूके 06 जेड 3070) और एक एचएफ डीलक्स (यूके 06 बीबी 5974) बरामद की है। इस प्रकरण में कोतवाली रूद्रपुर में एफआईआर संख्या 100/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। इस सफल पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, अपर उपनिरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल प्रवीण रावत, हरीश बिष्ट और हिमांशु टम्टा शामिल रहे।

**गर्मियों से पहले ...**की लागत में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहता है। इसी कारण ईंधन अधिभार समायोजन के माध्यम से हर महीने दरों में बदलाव करना पड़ता है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों के उपरोक्त तर्क आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों के गले नहीं उतर रहे और उनमें इस फैसले को लेकर भारी असंतोष देखा जा रहा है ।दूसरी तरफ अप्रैल में प्रस्तावित वार्षिक बिजली दरों में संभावित बढ़ोतरी की चर्चा ने आम लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

**कस्टमर केयर का नंबर...**पीड़ित ने तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित द्वारा दिए गए बैंक स्टेटमेंट और व्हाट्सएप चौट के स्क्रीनशॉट के आधार पर कंप्यूटर संसाधनों के प्रयोग और धोखाधड़ी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है। साइबर पुलिस अब उस मोबाइल नंबर और ट्रांजैक्शन डिटेल्स के जरिए ठगों की तलाश में जुट गई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा    एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732  समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एसएसपी ने की मासिक अपराधों की समीक्षा

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिसकर्मी सम्मानित, लापरवाही बरतने वालों को मिली कड़ी चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने शुक्रवार को पुलिस लाइन रूद्रपुर के सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी के दौरान जनपद की कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की सघन समीक्षा की। बैठक के दौरान एसएसपी ने जनपद में घटित विभिन्न अपराधों की बिंदुवार पड़ताल करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाने हेतु कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में जनपद के समस्त पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और शाखा प्रभारियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों का समाधान और अपराधों पर अंकुश लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी सर्किल प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले थानों और चौकियों की नियमित रूप से चेकिंग करें। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने को कहा ताकि धरातल पर





कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे। लंबित विवेचनाओं और वारंट तामील की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने सभी विवेचकों को आदेश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से जांच पूरी करें। न्यायालय से जारी वारंट और समन की तामील में तेजी लाने के साथ ही विवेचना की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके।स्ट्रीट क्राइम और बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए एसएसपी अजय गणपति ने जनपद में रात्रि गश्त को और अधिक सक्रिय व सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाए। अवैध नशे के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने साफ लहजे में कहा कि जनपद में नशीले पदार्थों का कारोबार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगा। सभी थाना प्रभारियों को नशा तस्करों और अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। साथ ही समाज में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों पर सतत नजर रखने और उनके विरुद्ध कठोरतम कदम उठाने को कहा गया।महिला एवं बाल अपराधों के प्रति संवेदनशीलता बरतते हुए एसएसपी ने विशेष निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महिला एवं बच्चों से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई, तो संबंधित थाना या चौकी प्रभारी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बिना हेलमेट, ट्रिपलिंग, रेट्रो साइलेंसर और काली फिल्म वाले वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक के समापन पर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले 20 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जबकि शिथिलता बरतने वालों को अपनी कार्यप्रणाली सुधारने की अंतिम चेतावनी दी।

## सामूहिक विवाह में कल 21 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु उद्योग व्यापार मण्डल ट्रांजिट कैम्प एवं सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से नौवां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कल 8 मार्च दिन रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ट्रांजिट कैम्प फुटबाल मैदान में आयोजित किया जायेगा। इस दौरान 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। पत्रकार वार्ता करते कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण चुघ व अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह के लिए सभी वरों की बारात गल्ला मण्डी रूद्रपुर से कल प्रात: 10 बजे शुरू होगी जो भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक, झील मोड़, शिवनगर होते हुए फुटबाल मैदान ट्रांजिट कैम्प पहुंचेगी। जहां कार्यक्रम में आये साधू संतों, गणमान्य अतिथियों, वधू के परिजनों के साथ ही आयोजन कमेटी द्वारा बारात का



स्वागत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि तत्पश्चात गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से सामूहिक विवाह संस्कार संपन्न कराये जायेंगे और वर वधू को जन सहयोग से प्राप्त ग्रहस्थी का सामान भी संगठन एवं सहयोगियों की ओर से उपहार स्वरूप भेंट किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को आसान बनाना और समाज में आपसी सहयोग व सौहार्द को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों के साथ ही क्षेत्र के संत महापुरूषों को आमंत्रित किया गया है। जो नव विवाहित वर वधूओं को अपना आर्शीवाद प्रदान करेंगे। विवाह समारोह में प्रतिभोज की व्यवस्था भी होगी। आयोजन समिति ने सभी सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं क्षेत्रवासियों से इस कार्यक्रम में भाग लेने और इसे सफल बनाने की अपील की। वार्ता के दौरान समिति के मनोज गुप्ता, कमलदीप सोनकर, अशोक साहा, विकास आर्या, गौरव दीक्षित, पूरन पाण्डे व गायत्री परिवार के अनुज अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## चोरों ने बंद घर से लाखों के जेवर उड़ाए

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना क्षेत्र पिछले कई माह से आपराधिक तत्वों का गढ़ बन गया है। यहां आये दिन आपराधिक घटनाएं घटित हो रही हैं। अब मुखानी थाना क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। आदर्श कॉलोनी, गौड़धड़ा बिठौरिया नंबर 1 निवासी हेम चंद लोहनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 2 मार्च को वह अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव थापला, ताकुला जिला अल्मोड़ा गए हुए थे। 5 मार्च को जब वह वापस हल्द्वानी लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार अज्ञात चोर घर में रखे सोने के जेवरात, जिनमें मटरमाला (लगभग 2 तोला), पाइपमाला (करीब डेढ़ तोला), नथ (लगभग चौथाई तोला), मांगटीका (6 आना), पोहची (करीब 2 तोला), झुमके की एक जोड़ी (करीब चौथाई तोला) और हार (करीब 2 तोला) के साथ ही घर में रखे करीब 7 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना के बाद हेम चंद लोहनी ने मुखानी थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी।

## बंगाली कालोनी से दो वारंटी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस द्वारा वारण्टीयो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी से दो वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा अलग अलग 02 टीमे बनाकर अभियान चलाकर वारण्टीयो के विरुद्ध कार्यावाही करते हुये 02 वारण्टीयो को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। थाना



प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि सौरभ मदक पुत्र गोपाल मदक निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वार्ड संख्या 35 व शुभम शाह पुत्र सुभाष शाह निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वार्ड संख्या 35 के विरुद्ध न्यायालय द्वारा मामलों की सुनवाई के दौरान पेश न होने पर वारंट जारी किया गया था जिस पर तामील करते हुए थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त दोनों वारंटियों को उनके घरों से औचक दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक चन्द्र प्रकाश बवाड़ी व हर्देश परिहार तथा हेड कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल थे।

## विक्षिप्त युवती से रेप करने आया युवक दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर के नवाबी रोड के एक मौहल्ले में पड़ोसियों की जागरूकता से एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवती की इज्जत लुटने से बच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार नवाबी रोड वार्ड 11 मे 28 वर्षीय मानसिक विक्षिप्त युवती



रहती है। युवती के परिवार में कोई न होने के कारण पड़ोसी ही उसकी देखभाल करते हैं। गुरुवार देर रात लगभग 1:30 बजे एक युवक बदनियती के इरादे से खिड़की की दीवार के रास्ते युवती के घर के भीतर घुस गया। दीवार टूटने की आवाज पर जब पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कमरे में घुस आए युवक को दबोच लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद लोगों ने दबोचे गए युवक कों पुलिस के हवाले कर दिया। क्षेत्रवासियों के अनुसार आरोपी युवक का नाम करन है जो ऑटो चालक है। शुक्रवार को क्षेत्रीय पार्षद रवि जोशी क्षेत्र की महिलाओं के साथ कोतवाली पहुंचे। महिलाओं ने आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## एसबीआई शाखा ने किया बीस लाख का बीमा क्लेम भुगतान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक काठगोदाम शाखा द्वारा एसबीआई जनरल पर्सनल एक्सीडेंटल इंश्योरेंस योजना के अंतर्गत 20 लाख रुपये का बीमा क्लेम सेटल किया गया। इस अवसर पर काठगोदाम शाखा के शाखा प्रबंधक हेमंत पुजारी



एवं एसबीआई जनरल के जोनल हेड दीपेश पंत ने लाभार्थी श्रीमती नीमा तिवाड़ी को 20 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर श्रीमती नीमा देवी ने भारतीय स्टेट बैंक काठगोदाम शाखा एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लेम का निपटान बहुत ही सरल, पारदर्शी एवं बिना किसी परेशानी के हुआ। शाखा प्रबंधक हेमंत पुजारी ने बताया कि एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की विभिन्न बीमा योजनाएं ग्राहकों को आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती हैं। उन्होंने ग्राहकों से अपील की कि वे अपने और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए दुर्घटना बीमा योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## मुक्तेश्वर में बहुमंजिला निर्माण पर कुमाऊं आयुक्त सख्त

नैनीताल (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर क्षेत्र के भ्रमण पर पहुंचे कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने क्षेत्र में तेजी से हो रहे बहुमंजिला इमारतों और रिसॉर्ट्स के निर्माण पर गंभीर चिंता जताई है। निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कुछ लोगों द्वारा समूह बनाकर बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं और साथ ही सरकारी होमस्टे योजना का भी लाभ लिया जा रहा है। आयुक्त ने प्रथम दृष्टया इन निर्माणों को प्रदेश के भू कानून का खुला उल्लंघन बताया है।आयुक्त दीपक रावत ने स्पष्ट किया कि मुक्तेश्वर जैसे संवेदनशील क्षेत्र में बड़ी इमारतों का निर्माण और सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग एक गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भू कानून का व्यापक दुरुपयोग होने की पूरी आशंका है जिससे



इस कानून की मूल भावना प्रभावित हो रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आयुक्त ने जिलाधिकारी नैनीताल और जिला विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र में बन रही ऐसी सभी इमारतों और रिसॉर्ट्स की विस्तृत एवं गहन जांच की जाए। उन्होंने पूरे मामले की रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि यदि जांच में नियमों के उल्लंघन या अनियोजित निर्माण की पुष्टि होती है तो संबंधित दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही जिला प्रशासन को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार के अवैध निर्माणों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि भू कानून का दुरुपयोग रोका जा सके और क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप को बचाया जा सके।

## ऊँचापुल चौराहा में अतिक्रमण पर गरजा बुलडोजर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी रोड पर स्थित ऊंचापुल चौराहा पर कुछ दिन सुस्ती के पश्चात सड़क चौड़ीकरण का कार्य एक बार फिर तेजी पकड़ने लगा है। इस कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रशासन और नगर निगम की टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी और नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में ऊंचापुल चौराहे के पास सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे दो मकानों को ध्वस्त कर दिया। लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर उन हु दो अवैध मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की, जो सरकारी जमीन पर बनाए गए थे और सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे थे। अधिकारियों के अनुसार दोनों मकान काफी बड़े हैं, इसलिए उन्हें पूरी तरह ध्वस्त करने में कुछ समय लग सकता है। मकान हटने के बाद ऊंचापुल चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में लगने वाले जाम से स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि शहर के कई स्थानों पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। प्रशासन द्वारा लोगों से लगातार अपील की जा रही है कि वे स्वेच्छा से अपने अतिक्रमण हटा लें।



उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन सख्ती के साथ कार्रवाई करेगा और आवश्यकता पड़ने बलपूर्वक कार्रवाई कर अतिक्रमणकारी से खर्च की वसूली भी करेगा।